## बोकारो की महिला मरीज की मौत, परिजनों ने सवाल पूछे, तो बाउंसरों ने मुक्के बरसाये, तीन बेटे और दो बेटियां जख्मी

# हे भगवान... ये सैमफोर्ड अस्पताल है या जल्लाद खाना

संवाददाता।रांची

बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 9 निवासी हनुमाला देवी (61) को हाई ब्लड प्रेशर व शुगर की शिकायत थी. तबीयत खराब होने पर परिजन 27 जुलाई को उन्हें बोकारो से बेहतर इलाज के लिए रांची लेकर पहुंचे. कोकर चौक पास स्थित सैमफोर्ड अस्पताल में हनुमाला देवी को भर्ती कराया गया. 19 दिनों तक अस्पताल में इलाज चलता रहा. अस्पताल प्रबंधन ने इलाज मद में सात लाख रुपये परिजनों से वसूले, लेकिन मरीज की जान बचायी न जा सकी.

मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे मरीज की मौत हो गई. परिजनों ने डॉक्टरों से मौत का कारण जानना चाहा तो अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया. परिजनों ने इलाज की पर्ची व फाइल देखनी चाही तो उनके साथ बदसलूकी की गई. इस बीच महिला की एक बेटी ने इलाज की फाइल हासिल कर ली और उसे अपने शरीर में छुपा लिया. इस बीच अस्पताल प्रबंधन ने आधा दर्जन बाउंसरों को उनके पीछे लगा दिया. बाउंसर मृतका हनुमाला देवी के तीनों बेटों और दो बेटियों को आईसीयू से बाहर ले गए और घूसे बरसाने लगे.

कहने लगा- यहां हो हल्ला मत करो, नहीं तो मार कर नक्शा बिगाड़ देंगे. इतना कहते हुए वे घूसे बरसाने लगे. बाउसरों के घूसे से मृतका के बेटे संजय प्रसाद सिंह के आंख के ऊपर गहरा जख्म हो गया. इसके बाद बाउसरों ने दोनों बेटों व दोनों बेटियों को भी खदेड़ कर पीटना शुरू कर दिया. बाउंसर मृतका की बेटी द्वारा छुपा कर रखी फाइल हासिल करना चाहते थे. बाद में उनकी बेटी को एक कमरे में ले गए और इलाज की पर्ची छीनने के बाद मारपीट करते बाहर निकाल दिया. इस संबंध में पीड़ितों ने सदर थाने में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है.



बाउंसरों की पिटाई से घायल संजय.

### सात लाख इलाज में हुआ खर्च, नहीं बची हनुमाला की जान




मृतका हनुमाला देवी के भुक्तभोगी परिजन.



मृतका हनुमाला (फाइल फोटो).

- सात लाख वसूला, तीन भाइयों और दो बहनों को न सिर्फ पीटा, बदसलूकी भी की, सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज
- हनुमाला ब्लड प्रेशर और शुगर की थी मरीज, कमजोरी की शिकायत के बाद 27 जुलाई को सैमफोर्ड हॉस्पिटल में हनुमाला देवी को किया गया था भर्ती



### दोपहर 12.30 बजे से दो बजे तक मारपीट की

मृतका के मंझले बेटे अजीत प्रसाद ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से लगभग 2 बजे तक उनके साथ मारपीट की गयी. थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद दो बजे के बाद वे एंबुलेंस से मां की लाश लेकर बोकारो के लिए निकले, तो रास्ते में एंबुलेंस चालक को अस्पताल प्रबंधन के लोगों ने फोन कर रोक दिया. किसी तरह हाथ पैर जोड़ कर उन्होंने एंबुलेंस चालक को बोकारो चलने को कहा. दरअसल, अस्पताल प्रबंधन केस वापस लेने का दबाव बना रहा था, लेकिन उन लोगों ने उनकी बात नहीं सुनी. मां का शव लेकर बोकारो लौट गये. अजीत ने बताया कि बाउंसरों ने उनकी दोनों बहनों रानी सिंह और रेका सिंह से भी मारपीट की. उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया. केस करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे रहे थे.

### मां के शरीर का पिछला हिस्सा सड़ गया था, पूछने पर बिफरे डॉक्टर

बेटे अजीत ने बताया मरीज से मिलने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने दोपहर 12 बजे का टाइम दे रखा था. जब वे लोग मां तो देखने आईसीयू में पहुंचे, तो देखा का नर्सें मां की छाती पर पंप कर रही हैं. फिर वे मां को छोड़ कर चली गईं. अजीत ने बताया कि जब वे मां के पास पहुंचे, उनके शरीर को छू कर देखा, तो पाया कि शरीर ठंडा हो चुका था. मां की मौत हो चुकी थी. उन्होंने मां के शरीर को देखा, तो पाया कि शरीर का पिछला हिस्सा सड़ चुका है. शरीर सड़ने का कारण पूछने पर आईसीयू के डॉक्टर बहानेबाजी करने लगे. कोई कुछ जवाब नहीं दे रहा था. इस बीच उनकी बहन रेखा ने मां के इलाज से संबंधित फाइल रख ली, तो डॉक्टरों ने बाउंसरों को बुलवा लिया. आधा दर्जन बाउंसर तीनों भाइयों और दोनो बहनों को घसीट कर बाहर ले गये और मारपीट करने लगे. बाउंसर इलाज से संबंधित फाइल हासिल करने के लिए जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे. बहन के साथ भी बदसलूकी की, तो उनलोगों ने केस दर्ज कराया. घटना के संबंध में अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने की कोशिश की गयी, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका.

## ब्रीफ खबरें

### साहित्य पुरस्कार को पांडुलिपियां आमंत्रित

**रांची।** प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन द्वारा स्थापित जयपाल-जुलियुस-हन्ना साहित्य पुरस्कार 2024 के लिए पांडुलिपियां सोमवार से 30 सितंबर तक जमा की जा सकेंगी. आदिवासी भाषाओं के लेखकों और उनकी अप्रकाशित रचनाओं के प्रोत्साहन के लिए 2022 से शुरू किए गए इस अवार्ड में तीन पांडुलिपियों को पुरस्कृत किया जाएगा. उनकी पांडुलिपियों प्रकाशित भी की जाएंगी. फाउंडेशन की सचिव वंदना टेटे ने बताया कि जयपाल-जुलियुस-हन्ना साहित्य पुरस्कार के लिए किसी भी उम्र और किसी भी आदिवासी भाषा के लेखक अपनी पांडुलिपियां भेज सकते हैं.

### राज्य में ज्यादा कीमत पर बिक रही है शराब

**रांची।** राज्य में शराब की बिक्री में अनियमितता फिर शुरू हो गई है. एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है. यह शिकायत सिर्फ रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड के सभी जिलों में है. ज्यादा कीमत वसूलने पर आए दिन दुकानदारों से ग्राहकों की नोकझोंक होती रहती है. दुकानदा बोलते हैं कि उन्हें छह महीने से वेतन नहीं मिल रहा है. दुकान का किराया, एसी, फ्रीज के कारण बिजली बिल आदि का भुगतान भी करना होता है.

## खरीफ फसल से जुड़े एफपीओ और झारखंड मिलेट मिशन पोर्टल का शुभारंभ

# जलवायु परिवर्तन से कृषि प्रभावित

विशेष संवाददाता।रांची

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से किसानों से जुड़े एफपीओ पोर्टल और झारखंड मिलेट मिशन पोर्टल का मंगलवार को कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुभारंभ किया. इसका उद्देश्य एफपीओ और मिलेट मिशन के तहत किसानों के बीच 100 करोड़ रुपयों का वितरण करना है. कार्यक्रम के तहत मंत्री ने सांकेतिक रूप से एक एफपीओ को 15 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया. मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि झारखंड राज्य की कृषि परंपरागत रूप से वर्षा पर आश्रित है.

राज्य में सफल फसल उत्पादन के लिए वर्षापात की मात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है. जलवायु परिवर्तन ने झारखंड के कृषि क्षेत्र पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डाला है. झारखंड राज्य की वर्षा आधारित कृषि जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हो रही है और बारिश की की अनियमितता से पूरे राज्य में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो हमारे समक्ष एक बड़ी चुनौती है. झारखंड राज्य की संसाधन संपन्न भूमि विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक विविधताओं एवं अपूर्व संपदाओं से परिपूर्ण है, जो इसे एक महत्वपूर्ण व उत्कृष्ट राज्य बनाता है. राज्य की अधिकांश जनसंख्या गांवों में बसती है और कृषि पर निर्भर है. कृषि, मानव सभ्यता के केंद्र में है. राज्य की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखने के साथ ही अधिकांश लोगों की आजीविका एवं मुख्य आय का स्रोत भी है.

**2023 में 37 % कम बारिश के कारण किसानों को आर्थिक क्षति हुई :** उन्होंने कहा कि खरीफ-2023 में "बिरसा बीज उत्पादन, विनियमय, वितरण एवं फसल विस्तार येजना के अंतर्गत 42095.11 क्विंटल धान, 329.49 क्विंटल मक्का, 417.47 क्विंटल दलहन और 116.75 क्विंटल तेलहन की अच्छी गुणवत्ता के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से ससमय कर्मठ व योग्य किसानों को उपलब्ध कराये गये. परंतु राज्य में वर्ष 2023 के खरीफ मौसम में सामान्य से 37 प्रतिशत कम वर्षा हुई, जिसका प्रभाव फसल उत्पादन पर भी भी देखा गया. इससे कृषकों को आर्थिक नुकासन का सामना करना पडा. झारखंड में बीज की आवश्यकता को देखते हुए निष्क्रिय बीज ग्रामों का पुनरूद्धार कर फिर से सक्रिय करने की जरूरत है, ताकि अच्छे कार्य करने वाले बीज ग्रामों की सेवा ली जा सके.



एक एफपीओ को 15 लाख रुपये का चेक देतीं कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह.

### मंत्री बोलीं

- राज्य की कृषि परंपरागत रूप से वर्षा पर आधारित
- जलवायु परिवर्तन ने कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाला

### इस वर्ष अच्छी बारिश का पूर्वानुमान, लक्ष्य तय किया गया

इस वर्ष अच्छी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर खरीफ-2024 में धान के आच्छादन का लक्ष्य 18.00 लाख हेक्टेयर, मक्का 3.12 लाख हेक्टेयर, दलहन 6.12 लाख हेक्टेयर, तेलहन 0.60 लाख हेक्टेयर एवं मोटे अनाज के आच्छादन का लक्ष्य 0.42 लाख हेक्टेयर रखा गया है. इस वर्ष अच्छी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर खरीफ-2024 में धान के आच्छादन का लक्ष्य 18 लाख हेक्टयर, मक्का 3.12 लाख हेक्टयर, दलहन 6.12 लाख हेक्टयर, तेलहन 0.60 लाख हेक्टयर एवं मोटे अनाज के आच्छादन का लक्ष्य 0.42 लाख हेक्टेयर रखा गया है. इसके लिए विभाग द्वारा राज्य में विभिन्न तरह के उर्वरकों की आपूर्ति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ नकली उर्वरकों की बिक्री एवं उर्वरकों के नियत दर से ऊंचे दर पर बिक्री रोकने के संबंध में भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

# 18 हजार कार्डधारियों को नहीं मिली चीनी, पीडीएस डीलर नपेंगे

शुभम किशोर।रांची

अंत्योदय (एएवाई) पीला राशन कार्ड के अंतर्गत आनेवाले लाभुकों को प्रति माह चावल, गेंहू, चीनी, दाल और नमक दिया जाना है. रांची जिला में 2139 पीडीएस डीलर और 101934 पीला राशन कार्डधारी हैं. जिले में पीडीएस डीलर की लापरवाही की वजह से 18 हजार से अधिक कार्डधारियों को चीनी नहीं मिल सकी है. जानकारी के अनुसार, पीडीएस डीलर को प्रति राशन कार्ड 1 किलो चीनी देना है. इसके लिए पहले पीडीएस डीलर को चीनी के लिए प्रत्येक पीला राशन कार्ड केहिसाब से 25 रूपये प्रति केजी राशि जमा करानी होती है. इसके बाद गोदाम से डीलर को चीनी मुहैया कराई जाती है. वहीं पीडीएस डीलर लाभुक से चीनी के बदले 25 रुपये वसूलता है, यानि एक रुपया डीलर का कमीशन होता है. लेकिन अब तक जिले के 179 पीडीएस डीलरों ने चीनी के लिए राशि जमा नहीं की है.

**डीएसओ ने कहा, कर्रवाई की जाएगी :** रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि वे मामले की जांच कराएंगे. अगर पीडीएस डीलर द्वारा चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा नहीं करने के कारण चीनी का डीएसडी नहीं हुआ होगा, तो उन डीलरों को शो-कॉज जारी किया जाएगा.



| गोदाम | पीडीएस डीलर | वंचित लाभुक |
|---|---|---|
| कडरू 1 | 15 | 1128 |
| कडरू 2 | 43 | 267 |
| रातु | 4 | 513 |
| मांडर | 15 | 1053 |
| बुर्नू | 14 | 448 |
| चान्हो | 19 | 1368 |
| बेरो | 6 | 660 |
| लापुंग | 1 | 132 |
| नामकुम | 5 | 582 |
| कांके | 16 | 1800 |
| सिल्ली | 3 | 555 |
| बुंडू | 5 | 695 |
| टाटम | 8 | 564 |
| सोनाहातू | 8 | 1218 |
| खेलारी | 10 | 756 |
| नगड़ी | 1 | 228 |
| इटकी | 6 | 1113 |

# ग्रामीण कार्य विभाग के 16 सहायक अभियंताओं का किया गया स्थानांतरण

- उत्तम कुजूर रांची प्रमंडल मिट्टी अन्वेषण के सहायक अभियंता

संवाददाता।रांची

ग्रामीण कार्य विभाग के 16 सहायक अभियंताओं का स्थानांतरण किया गया है. अखिलेश प्रसाद सिंह को सहायक अभियंता कार्य अवर प्रमंडल सरायकेला, उत्तम कुजूर को सहायक अभियंता मिट्टी अन्वेषण प्रमंडल रांची, अविनाश यादव को प्राक्कलन पदाधिकारी कार्य अवर प्रमंडल गढ़वा, जयप्रकाश सिंह को सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य और प्रमंडल चैनपुर, सियाराम सिंह को सहायक अभियंता मिट्टी अन्वेषण प्रमंडल रांची, शोभा मुर्मू को सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य अवर प्रमंडल बरहेट, गंगाधर मंडल को प्राक्कलन प्राधिकारी ग्रामीण कार्य विभाग हजारीबाग, सुरेश पासवान को सहायक अभियंता



कार्य अवर प्रमंडल गिरिडीह दो, रविकांत मुंडा को प्राक्कलन पदाधिकारी कार्य प्रमंडल गिरिडीह, गोपाल कृष्ण सुमन को अवर प्रमंडल गुमला दो, देव उपाध्याय को कार्य प्रमंडल चतरा, विजय राम को कार्य अवर प्रमंडल खूंटी, रितेश कुमार सिंह को कार्य प्रमंडल बोकारो, गौतम कुमार को कार्य अवर प्रमंडल मधुपुर, प्रीतम कुमार मोदी को कार्य प्रमंडल बरही, प्रमोद राम को कार्य अवर प्रमंडल रामगढ़ के पद पर पदस्थापित किया गया है.

**विशेष प्रमंडल के आठ अभियंता भी बदले गये :** ग्रामीण कार्य विभाग ने विशेष प्रमंडल के अभियंता का भी स्थानांतरण किया है. कामेश्वर प्रसाद को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, सुरेंद्र कुमार सोरेन को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय विशेष प्रमंडल रांची, ज्योतिष कुमार उरांव को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, मृत्युंजय कुमार को सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, राम नंदन सिंह को सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल देवघर, संजीव कुमार को सहायक अभियंता विशेष आंचल रांची, राकेश कुमार पांडे को सहायक अभियंता विशेष प्रमंडल दुमका, मनजीत कुमार को विशेष प्रमंडल गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया गया है.

### हवलदार के हत्यारे की शीघ्र गिरफ्तारी हो : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरती विधि-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है. कहा कि हेमंत सरकार में कोई सुरक्षित नहीं. अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षित नहीं. झारखंड की धरती फिर एक निर्दोष संथाल आदिवासी के खून से रक्तरंजित हो गई. हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज में तैनात संथाल आदिवासी हवलदार चोहन हेंब्रम की हत्या कर मो. शाहिद अंसारी फरार हो गया. मरांडी ने झारखंड पुलिस से तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की है. कहा कि सरकार के संरक्षण में सुनियोजित साजिश के तहत आदिवासियों को खत्म करने की साजिश की जा रही है. बांग्लादेशी घुसपैठियों के पक्ष में छाती पीटने वाले आदिवासियों की हत्या पर चुप्पी साध लेते हैं. आज आदिवासी भाइयों की जमीनें हड़पी जा रही है, आदिवासी बेटियां घुसपैठियों के हाथों प्रताड़ित हो रही हैं.

## माह के अंतिम सप्ताह में झारखंड आ सकते हैं राहुल गांधी, गुलाम मीर ने कहा

# केंद्र सरकार का भेदभावपूर्ण रवैया जारी

विशेष संवाददाता।रांची

झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई. झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य शामिल हुए. इस दौरान आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़नकर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय मंथन किया गया.

बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संसद में राहुल द्वारा जनमुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाने के कारण कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास प्रगाढ़ हुआ है. आज आम आवाम में यह धारणा बनी है कि देश के मजलूमों और वंचितों की आवाज पंचायत से लेकर संसद तक राहुल गांधी के नेतृत्व में जरूर गूंजेगी. देश के संविधान के अनुसार नैसर्गिक न्याय को ध्यान में रखते हुए जनता के हितों के लिए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना कांग्रेस की प्राथमिकता है. वहीं, जनता के बीच भेदभाव उत्पन्न कर वर्तमान केंद्र सरकार अपने पुराने एजेंडे पर ही चल रही है. गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्र सरकार का भेदभावपूर्व रवैया जारी है. झारखंड कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र के दोहरे रवैये से अवगत कराएंगे.



गुलाम अहमद मीर.



राजेश ठाकुर.

**राजेश ठाकुर ने राहुल से झारखंड आने का आग्रह किया :** ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा से झारखंड के आम जनमानस के बीच में एक अमिट विश्वास उत्पन्न हुआ है, जिसका फल हमें लोकसभा चुनाव में मिला.

उन्होंने राहुल गांधी से अगस्त के अंतिम सप्ताह में झारखंड में समय देने का आग्रह करते किया. कहा, आपके द्वारा उठाए गए मुद्दों को लेकर झारखंड कांग्रेस लगातार संगठनत्मक कार्यक्रम कर रही है. आगे भी जनमुद्दों को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर संघर्ष जारी रहेगा.

### नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर तैयार होगी रूपरेखा : ठाकुर

कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कांग्रेस द्वारा पूर्व में उठाये गये मुद्दों के साथ संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान केंद्र सरकार जिस तरह से चल रही है, उससे आने वाले समय मे देश में आर्थिक और सामाजिक विषमता की खाई बढ़ेगी. हमें जनता को सावधान रखना होगा. अपने निजी स्वार्थ पूर्ति के लिए मोदी सरकार संविधान में बदलाव की मंशा को पूरा करने के लिए पिछले दरवाजे का सहारा लेने का प्रयास कर रही है, उसे विफल करना होगा.

## निर्देश डीडीसी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर का निरीक्षण किया

# सभी लाभुकों को अविलंब पावती रसीद दिया जाए : डीडीसी

संवाददाता।रांची

उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने मंगलवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची शहरी क्षेत्र के वार्ड 15 में लगे कैंप का निरीक्षण किया. उनके साथ सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा भी थे. डीडीसी ने निरीक्षण के क्रम में संबंधित आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया कि आवेदन की पावती सभी लाभुकों को अविलंब दिया जाए व सत्यापन किया जाए. आवेदिका को किसी तरह की कोई समस्या ना हो.



मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची शहरी क्षेत्र के वार्ड 15 में लगे कैंप का निरीक्षण करते डीडीसी दिनेश यादव.

डीडीसी ने शिविर में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं/ कर्मियों को पावती और सत्यापन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गये. साथ ही उपस्थित वीएलई को तेजी से लाभुकों का आवेदन आनलाइन करने का निर्देश दिया. डीडीसी ने विशेष रूप से शिविर में कर्मियों को बताया कि यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है. शिविर से संबंधित सभी दायित्वों का निष्पादन जिम्मेवारी पूर्वक करें और किसी भी परिस्थिति में लाभुकों को परेशानी न हो.

### खास बातें

- कर्मियों को दायित्व का निर्वहन जिम्मेवारी से करने का निर्देश
- सभी आवेदनों को तेजी से ऑनलाइन करने को कहा

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीएसपी ने होटल और लॉज की पड़ताल की

संवाददाता।रांची

स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित होटलों और लॉज की पुलिस ने जांत की. एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार व मंगलवार की देर रात कई होटल के कमरों की तलाशी ली. साथ ही कमरे में ठहरे लोगों के बारे में जानकारी हासिल की. जांच के दौरान वैसे लोगों से विशेष पूछताछ की गयी, जो बाहर से आकर ठहरे थे. हालांकि, पुलिस को किसी भी होटल के कमरे से कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक सामान बरामद होने की आधिकारिक सूचना नहीं आयी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार 15 अगस्त को लेकर रूटीन चेकिंग की गयी.



शहर के एक होटल की जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारी.

**15 अगस्त के दिन शहरी क्षेत्रों में बड़े वाहनों पर रोक :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है. इस दिन सुगम यातायात की व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए शहरी क्षेत्रों में बड़े वाहनों के प्रवेश पर सुबह छह बजे से रात के 10 बजे तक रोक रहेगी. शहर के अन्य मार्गों पर छोटे वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### हजयात्रा के लिए 9 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

रांची। अगले वर्ष हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग 9 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवदेन की प्रक्रिया मंगलवार से ही प्रारंभ कर दी गयी है. झारखंड राज्य हज समिति, रांची के कार्यपालक पदाधिकारी की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गयी है. अधिसूचना के अनुसार हज करने के इच्छुक लोग हज कमिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं. एंड्रॉयड मोबाइल एप ''सुविधा'' के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है. आवेदन करने के क्रम में सभी दिशा निर्देशों का पालन जरूरी होगा. आवेदक के पास भारतीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट होना जरूरी होगा, इसकी वैधता 15 जनवरी 2026 तक की होनी चाहिए.

**ज्योतिष : रक्षा बंधन 19 अगस्त को, अपराह्न 01:33 से लेकर रात 09:07 तक रहेगा शुभ मुहूर्त**

# भाई-बहन के पवित्र त्योहार में भद्रा डालेगी बाधा

संवाददाता । रांची



श्रावण पूर्णिमा 19 अगस्त को भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया जायेगा, बहनें भाई को रेशम की डोर का रक्षासूत्र बांधकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करेंगी. भाई भी बहन को सदा रक्षा करने का वचन देगा, लेकिन इस बार इसमें भद्रा का बाधा है. पंचक का साया भी रहेगा. शास्त्रानुसार भद्रा और पंचक को अशुभ माना जाता है. भद्रा के साए में रक्षा बंधन का त्योहार मनाने की मनाही है. ऐसे में संशय की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, पर विद्वानों और आचार्यों ने पंचांगो की गणना कर सावन की आखिरी सोमवारी पर रक्षा बंधन के शुभ मुहूर्त बताए हैं. आचार्य अजय मिश्र बताते हैं कि इस दिन अशुभ साया के साथ शुभ और दुर्लभ योग का भी संयोग है. उन्होंने बताया कि श्रावण पूर्णिमा में सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शोभन योग और श्रवण नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है, जो सभी के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा. इस योग में राखी बांधने से रिश्तों की मधुरता बनी रहेगी.

**भद्रा का प्रारंभ 18 अगस्त को रात 2.21 बजे**

आचार्य अजय मिश्र ने बताया कि दिन के 01 :33 से लेकर रात 09 :07 तक रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त मिल रहा है . इस बीच राखी का त्योहार मनाना शास्त्रसम्मत होगा . उन्होंने बताया कि श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 19 अगस्त को अहले सुबह 03 :04 से रात 11 :55 तक है . उदीयमान तिथि में पूर्णिमा मिलने से सोमवार को सारा दिन इसका मान रहेगा . रक्षाबंधन पर भद्रा के प्रारंभ का समय 18 अगस्त को रात 02 :21 से सोमवार को दिन के 01 :25 मिनट तक है . भद्रा का वास पाताल लोक में है .

**इस वजह से भद्रा में नहीं बांधते राखी**

पौराणिक कथा के अनुसार लंकेश रावण की बहन ने भद्रा काल में राखी बांधी थी . उसी साल श्रीराम के हाथों रावण का वध हुआ था . इस कारण से भद्रा काल में कभी भी राखी नहीं बांधी जाती है .

## न्यूज अपडेट

### ब्राइट एंजेल्स को अग्रणी प्ले स्कूल का खिताब



अग्रणी प्ले स्कूल का अवार्ड देतीं साइना नेहवाल.

**रांची।** लोअर चुटिया, रांची स्थित ब्राइट एंजेल्स प्ले स्कूल को रांची के अग्रणी प्ले स्कूल का खिताब मिला है. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 12 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में मेरिट अवाड्र्स एंड मार्केट रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रसिद्ध बैडमिंटन चैंपियन साइना नेहवाल द्वारा प्रदान किया गया. यह सम्मान उत्कृष्ट प्रारंभिक बाल शिक्षा प्रदान करने और छोटे बच्चों के लिए एक पोषण और प्रेरणादायक वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है. यह समर्पित शिक्षकों, कर्मचारियों, सहायक अभिभावकों और पूरे ब्राइट एंजेल्स समुदाय की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है. डायरेक्टर सत्यप्रकाश और मीना प्रकाश ने प्रसन्नता व्यक्त की है. वाइस प्रिंसिपल मिस शांति ने कहा है कि इसी तरह आगे भी वह काम करते रहेंगे.

### चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त को

**रांची।** पत्रकार कला मंच एवं द रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त को अपराह्न तीन से चार बजे तक तृतीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. आयोजन स्थल पर प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन उसी दिन अपराह्न 2.30 बजे तक होगा. पत्रकार कला मंच से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता केवल मीडिया कर्मियों के बच्चों के लिए होगी, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा. विजेता की घोषणा चयन समिति द्वारा की जाएगी. यह भी बताया गया कि आवदेन प्राप्त करने की तिथि मंगलवार को समाप्त हो चुकी है. इसकी जांच बुधवार को की जाएगी और उस दौरान उम्र सीमा, आरसीपी रिफरेंस नंबर किसी तरह की गलती पायी जाएगी तो उसके आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा.

### 10वीं और 12वीं में लागू होगा नया सिलेबस

**रांची।** दसवीं और बारहवीं की कक्षाओं के लिए एनसीईआरटी का सिलेबस लागू होगा. झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से ही इसे लागू करने का आदेश दिया है. अभी तक जैक एनसीईआरी की पुस्तकों से ही दसवीं एवं 12वीं का प्रश्नपत्र तैयार करता था. बताया गया कि वर्ष 2025 की दसवीं और 12वीं की परीक्षा में एनसीईआरटी के अपडेट सिलेबस से प्रश्न पूछे जाएंगे. विभाग द्वारा पहली बार जैक को सिलेबस तैयार कर उपलब्ध कराया गया है. दूसरी तरफ, एनसीईआरटी ने पिछले वर्ष ही अपने सिलेबस को अपडेट किया था, लेकिन जैक द्वारा वर्ष 2024 की दसवीं एवं 12की परीक्षा पुराने सिलेबस से ही लिया था. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने जैक को अपडेट सिलेबस भेजते हुए कहा है कि झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकता और प्रासंगिकता को बेहतर ढंग से समझते हुए एनसीईआरटी/सीबीएसई के मौजूदा सिलेबस की गहन समीक्षा कर उसमें मामूली संशोधन तथा अद्यतन किया है.

### मरीजों के साथ भेदभाव मिटाने के लिए अभियान लॉन्च

रांची। झारखंड सरकार ने एचआईवी मरीजों के साथ भेदभाव को रोकने और एचआईवी एवं सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 'विश्व युवा दिवस' पर सोमवार को विशेष अभियान लॉन्च किया है. झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के साथ इसकी शुरुआत की गई. बताया गया कि एक सितंबर से लेकर दो महीने तक राज्य के विभिन्न इलाकों में युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने इस मौके पर कहा कि यह ऐसा विषय है, जिसे लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जाना बेहद जरूरी है. झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक पवन कुमार ने कहा कि यह अभियान जिला, प्रखंड और ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा. एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने या गले लगाने से संक्रमण नहीं होता है और ना संक्रमित व्यक्ति के कपड़े पहनने या इसके साथ खाना खाने से होता है.

### झारखंड राज्य हज कमेटी के सदस्यों का मनोनयन

**रांची।** हज समिति अधिनियम 2002 की धारा के आलोक में झारखंड राज्य समिति का पुनर्गठन करते हुए इसके सदस्यों का मनोनयन कर दिया गया है. राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन,ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी, फैयाज कैसर ( मधुपुर), हीना परवीन (कांके), मो इसराफिल (धनबाद), मौलाना अंसारुल्लाह कासमी (इमारत ए शरिया), मुफ्ती समाउद्दीन नेजामी (एदार ए शरिया), सैयद सब्बेर मेहंदी (हजारीबाग), मो इकबाल आलम ( रांची), अर्शे आलम (रांची), मो शहाबुद्दीन (जमशेदपुर), मो शहाबुद्दीन (गोड्डा), मुफ्ती अब्दुल (धनबाद), अध्यक्ष झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, झारखंड राज्य हज समिति के कार्यपालक पदाधिकारी को सदस्य मनोनीत किया गया है. अब सदस्य 45 दिनों के अंदर बैठक कर अध्यक्ष चुन लेंगे. कमेटी का कार्यकाल तीन साल का होगा. संभवतः हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी दुबारा अध्यक्ष बन सकते हैं.

### निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगे : युवा आजसू

**रांची।** युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची जिला सह प्रभारी राहुल तिवारी के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा. युवा आजसू ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने, निजी अस्पतालों की मनमानी पर कठोर नीति बनाने और राज्य के सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिकों एवं नर्सिंग होम के तमाम सुरक्षा मानकों की गहन जांच कराने की मांग की है. सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था कोसुदृढ़ कर निम्न और मध्यम वर्गीय नागरिकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बिपिन कुमार यादव, राहुल कुमार, सुमित कुमार व अन्य शामिल थे.

# एवरेस्ट समिति 2.0 बियोंड द माउंटेंस 18 को, जुटेंगे पर्वतारोही



कार्यक्रम की जानकारी देते फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता व अन्य.

- 17 अगस्त को साइकिलॉथन का भी आयोजन होगा

संवाददाता। रांची

एवरेस्ट समिति 2.0 बियोंड द माउंटेंस का आयोजन 18 अगस्त को रांची में किया जा रहा है. 20 से अधिक प्रतिष्ठित पर्वतारोही इसमें हिस्सा लेंगे. कार्यक्रम का आयोजन जैप ऑडिटोरियम शौर्य सभागार डोरंडा में होगा. समिट का उद्देश्य लोगों को प्रेरित व उत्साहित करना है. दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण पहाड़ों को जीतने वाले साहसी अपनी अद्भुत कहानियों को साझा करेंगे.

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता होगी मालवध पूर्णा की भागीदारी, जिन्होंने सिर्फ 13 साल 11 महीने की उम्र में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर सबसे युवा महिला बनने का रिकॉर्ड बनाया. उनके साथ शामिल होंगी काम्या कार्तिकेयन, जिन्होंने 16 साल की उम्र में भारत की दूसरी सबसे युवा पर्वतरोही बनने का रिकॉर्ड बनाया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में तेनजिंग जमलिंग शामिल होंगे. उनके अलावा प्रेमलता अग्रवाल, शरद कुलकर्णी, सुनील नटराज, डॉ मुराद लाला, हेमंत गुप्ता, सत्यरूप सिद्धांता,कमांडर एस कार्तिकेयन, सुमित कई पर्वतरोही शामिल होंगे.

फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता ने कहा सम्मिट से एक दिन पहले 17 अगस्त को एक साइकिलॉथन का भी आयोजन होगा.

# रिम्स में जूनियर डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार से परेशान रहे मरीज

- जेडीए ने प्रबंधन से रिम्स परिसर में सुरक्षा देने की मांग की
- निदेशक ने परिसर में दो पुलिस पोस्ट बनवाने का आश्वासन

संवाददाता। रांची



कार्य बहिष्कार के साथ ही धरने पर बैठ कर नारेबाजी करते रिम्स के जूनियर डॉक्टर, डॉ भारती कश्यप व अन्य डॉक्टर.

कोलकाता के आरजीकेएमसीएच की जूनियर महिला डॉक्टर की दुष्कर्म कर बेरहमी से हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया. इससे ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाएं बंद रहीं. जूनियर डॉक्टरों ने घूम-घूम कर ओपीडी बंद कराया. इस दौरान इमरजेंसी में लोड बढ़ा रहा. ओपीडी सेवा ठप होने से मरीज दिनभर परेशान रहे. दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ा. वहीं, जेडीए के बैनर तले आंदोलन में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने प्रबंधन से रिम्स परिसर में सुरक्षा देने की मांग की.

**रिम्स परिसर में जल्द 1200 सीसीटीवी लगेंगे : डॉ राजकुमार**

जेडीए के पूर्व अध्यक्ष डॉ जयदीप ने कहा कि रिम्स में भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं. देर रात ड्यूटी कर उन्हें अकेले हॉस्टल लौटना पड़ता है. रास्ते में कहीं भी लाइट की व्यवस्था नहीं है. रास्ते में सुरक्षाकर्मी नहीं होते, जबकि परिसर बाहरी लोगों के लिए भी खुला हुआ है. इस पर रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने जल्द कैंपस में 1200 सीसीटीवी कैमरे और दो पुलिस पोस्ट बनवाने का आश्वासन दिया है. जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन के क्रम में रिम्स के 300 से ज्यादा पीजी स्टूडेंट, इंटर्न के अलावा आईएमए के प्रतिनिधि, आईएमए विमेंस विंग की प्रेसिडेंट डॉ. भारती कश्यप, ट्राइबल मेडिकल एसोएिशन से डॉ. निशिथ एक्का, रिम्स के डॉ. विकास कुमार के साथ अन्य शामिल थे. वहीं, रिम्स जेडीए से प्रेसिडेंट डॉ. अंकित कुमार, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अभिषेक, डॉ. ओम कुमार, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. कुमारी कीर्ति समेत अन्य शामिल थे.

**डॉक्टरों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था जरूरी है : डॉ अंकित**

रिम्स जेडीए के अध्यक्ष डॉ अंकित ने कहा कि कोलकाता जैसी घटना कहीं भी घट सकती है. इसके लिए डॉक्टरों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था जरूरी है. साथ ही मेडिकल कॉलेज में रात में सेवा देने वाली जूनियर महिला डॉक्टरों के लिए अलग कमरे की व्यवस्था की जानी चाहिए, जहां वे रात में सुरक्षित आराम कर सकें. जूनियर डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए झारखंड आईएमए के महासचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं रांची आईएमए के अध्यक्ष डॉ शेखर चौधरी काजल ने कहा कि इस आंदोलन को केवल डॉक्टरों का आंदोलन नहीं समझना चाहिए, बल्कि इसमें आम लोगों और नेताओं की भी भागादारी होनी चाहिए. इस तरह की घटनाओं पर रोक के लिए आम लोगों का सहयोग जरूरी है.

**जेडीए की मुख्य मांगें**

- ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए प्रावधानों और सुरक्षा की कमी के लिए आर जी कर मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की जवाबदेही है . चिकित्सा अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को तुरंत निलंबित किया जाए .
- डॉक्टरों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम को लागू किया जाए .
- रात्रि पाली में काम करने वाले रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए वार्ड और इमरजेंसी में अलग-अलग पुरुष/महिला डॉक्टरों के कमरे और शौचालय का प्रावधान होना चाहिए .
- पूरे कॉलेज और अस्पताल परिसर को कवर करने वाले पूरी तरह कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए .
- पूरे परिसर और अस्पताल में 24 x 7 सक्षम गार्ड की व्यवस्था हो .
- कॉलेज परिसर में कार्यात्मक स्ट्रीट लैंप की व्यवस्था हो .
- डॉक्टरों के लिए 24 x7 अलग कैफेटेरिया की व्यवस्था हो .

# अलबर्ट एक्का चौक पर आज बांधी जाएगी दही हांडी

संवाददाता। रांची

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में संरक्षक संजय सेठ, व समिति के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में 14 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे अलबर्ट एक्का चौक पर दही हांडी बांधी जायेगी. साथ ही मेन रोड स्थत श्री राम मंदिर में प्रातः 8:30 बजे आयोजन समिति की बैठक होगी, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी. यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत एवं संजय पोद्दार ने दी है.

# सुहागिनों ने रखा आखिरी मंगला गौरी व्रत

संवाददाता ।रांची



श्रावण की अंतिम मंगलवारी के मौके पर मंगलागौरी का पूजन करतीं सुहागिनें.

श्रावण मास के चौथे और अंतिम मंगलवार 13 अगस्त को सुहागिनों ने मंगला गौरी व्रत रखा. सुहागिनों ने माता पार्वती और महादेव की नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना की. महिलाओं ने घरों में पूजन-अनुष्ठान किया. साथ ही मंदिरों में भी बड़ी संख्या में व्रतधारियों ने दर्शन-पूजन कर श्रद्धा अर्पित की. सुहागिनें अखंड सौभाग्य की कामना से भक्ति में रमी रहीं. माना जाता है कि इस व्रत को धारण करने वाली महिलाओं का सौभाग्य सदा बना रहता है. इस व्रत को करने से संतान की भी प्राप्ति होती है. जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है.

सावन सोमवारी व्रत की तरह मंगला गौरी व्रत भी मंगलकारी है. इसी भाव से बड़ी संख्या में विवाहिताएं तो व्रत-उपवास कर माता को प्रसन्न करने का प्रयास करती ही हैं, कुंवारी कन्याएं भी विवाह संबंधी दोष-बाधा दूर करने और सुयोग्य वर की चाह में इस व्रत को धारण करती हैं. आचार्य अजय मिश्र बताते हैं कि सावन महीने का प्रत्येक मंगलवार मां पार्वती को समर्पित होता है. मंगला गौरी व्रत शुरू करने के बाद लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखना श्रेयस्कर है. भगवान शिव के पवित्र माह में ही व्रत का उद्यापन भी किया जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि सावन सोमवारी के साथ इस व्रत को भी अवश्य धारण करना चाहिए. इससे मांगलिक दोष दूर हो जाते हैं.

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सैनिकों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

संवाददाता ।रांची



सैनिकों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनातीं मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्याएं.

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को 133 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल धुर्वा कैंप में सैनिक भाइयों को सभी बहनों द्वारा राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया. बहनों ने सभी भाइयों को मिठाई खिलाई एवं शर्ट-पैंट के कपड़े उन्हें उपहार स्वरूप दिए. सभी बहनों के साथ रक्षाबंधन पर्व मना कर सैनिक गदगद हो गए.

इस अवसर पर उर्मिला पाड़िया ने रक्षाबंधन पर बहुत ही सुंदर गीत की प्रस्तुति दी. राखियां बंधवाते समय सैनिक भाइयों की आंखें नम हो गईं. कई सैनिक भाई कह रहे थे कि उन्होंने कई सालों से अपनी बहनों से राखियां नहीं बंधवाईं. वे अपनी ड्यूटी पर कभी हिमाचल में रहते हैं तो उनकी राखियां कश्मीर पहुंच जाती हैं और कश्मीर पर रहते हैं तो राखियां लद्दाख पहुंच जाती हैं. उन तक राखियां पहुंच ही नहीं पातीं. इस मौके पर कई सैनिकों ने विचार व्यक्त किये और कामना की कि मारवाड़ी महिला सम्मेलन की बहनें इसी तरह हर साल उन्हें राखी बांधती रहें. कार्यक्रम में 133 सीआरपीएफ कैंप के कमांडेंट अमित कुमार, डीसी बबन कुमार सिंह, शांति भूषण तिर्की और मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष मधु सराफ, पूर्व अध्यक्ष बीना मोदी, पूर्व अध्यक्ष मंजू केडिया, पूर्व अध्यक्ष नैना मोर, रीना सुरेखा, सचिव उर्मिला पाड़िया, सहसचिव प्रीति बंका, प्रीति पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, छाया अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, कलावती अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा पोद्दार, संगीता गोयल, मंजू गाड़ोदिया आदि उपस्थित थी.

# सदर अस्पताल में गॉलब्लैडर कैंसर पर सेमिनार का आयोजन



संवाददाता ।रांची

रांची के सदर अस्पताल में मंगलवार को गॉलब्लैडर कैंसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया. सर्जरी विभाग की तरफ से आयोजित सेमिनार में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार मुख्य अतिथि और उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे. इस सेमिनार में मुख्य तौर पर दो कैंसर सर्जन डॉ ऐ के विद्यार्थी और डॉ. सुरेश भी शामिल हुए. वहीं डॉ. आदित्य, मॉडरेटर डॉ. अजीत कुमार (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) और अकादमिक हेड डॉ आरके सिंह (सीनियर सर्जन) के मार्गदर्शन में सेमिनार को संचालित किया गया.

सेमिनार में रेडियोलोजी विभाग के सीनियर डॉक्टर एस प्रसाद ने इस बीमारी में अल्ट्रासाउंड और एमआरआई की उपयोगिता के बारे में बताया. वहीं गॉलब्लैडर से जुड़ी बीमारियों के विभिन्न पहलुओं विशेष तौर पर कैंसर पर भी विस्तृत चर्चा की गयी.

**सावन मनभावन** साहित्योदय मंच के समारोह में बना साहित्य और संगीत का संगम, मिला झूले का भी आनंद

# गीतों और कविताओं की फुहार के साथ मोहक नृत्य की बहार

संवाददाता ।रांची



सावन मनभावन समारोह में भाग लेतीं कवयित्रियों के साथ वाईबीएन यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी.

साहित्योदय मंच के तत्वावधान में सोमवार को नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी में सावन मन भावन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य और संगीत मोहक संगम बन गया. कार्यक्रम में गीतों और कविताओं की फुहार के साथ नृत्य की बहार रही. नगर के दर्जनों साहित्यकारों ने भाग लिया और गीत, गजल, कजरी, लोकगीत, नृत्य और झूले का आनंद लिया.

कार्यक्रम का आयोजन साहित्योदय के रांची मंच प्रभारी डॉ. रजनी शर्मा चंदा द्वारा किया गया, जिसमें भाग लेनेवाले सभी कवियों और कवयित्रियों का फूलों का ताज, मेहंदी, चूड़ी, बिंदी आदि श्रृंगार के साथ स्वागत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन रामजी यादव, अंजू यादव, सुधीर यादव, डॉ.सुनीता यादव, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुरेंद्र कौर नीलम, रेणु झा रेणुका एवं डॉ. रजनी शर्मा चंदा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. मां शारदे की वंदना डॉ. सुरिंदर कौर नीलम ने की. सावन में भगवान भोले के भजन से कार्यक्रम की शुरुआत रेणु झा रेणुका ने की. रामजी यादव एवं सुधीर यादव ने अपने वक्तव्य में इस प्रकार के आयोजनों की प्रशंसा की और कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग दिया. अंजू यादव , पुष्पा पांडे, अनुपम श्री, रिम्मी वर्मा ने सावन को सुरमय बनाते हुए लोकगीतों की बारिश की. वहीं रुखसाना बेगम ने किसानों के लिए सावन में बेहतरीन गीत प्रस्तुत किये. कवयित्री रेणु झा रेणुका, डॉ. सुरिंदर कौर नीलम, रेणु, रूपा, अंशिता, निर्मला कर्ण, तारा कुमारी और डॉ. रजनी शर्मा चंदा ने एक से बढ़कर एक गीत और कविताओं की प्रस्तुति दी. रंगोली सिन्हा, पुष्पा सहाय गिन्नी और सुधा कर्ण ने गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में लाजवाब मनोरंजक गेम्स और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया. वाईबीएन यूनिवर्सिटी की ओर से आए हुए सभी प्रतिभागियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सभी ने भोजन का आनंद लिया. साहित्योदय मंच के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने सभी को सावन की शुभकामनाएं दीं और बताया कि शीघ्र ही भगवान शिव को समर्पित शिवायन महाग्रंथ का लोकार्पण हरिद्वार ऋषिकेश में किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के कई साहित्यकार शामिल होंगे.

